हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी परियोजना के लिए 3 हजार 630 करोड 77 लाख रुपये मंजूर किए हैं। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। करीब साढ़े 31 किलोमीटर लंबा यह गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक सीधे और तीव्र गति का संपर्क जरिया बनेगा।

जेवर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी उत्तर प्रदेश से भी, हरियाणा से भी और दिल्ली से भी। इस कनेक्टिविटी को आप स्टडी करे अगर तो एक तो यमुना एक्सप्रेस-वे के साथ इसकी कनेक्टिविटी हो गई, दूसरा जो मुम्बई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे है इसके साथ कनेक्टिविटी और दिल्ली के एरिया के साथ इसकी डायरेक्ट कनेक्टिविटी।

प्रसार भारती का ऑडियो-विजुअल प्रसारण और प्रसार मंच-पीबी-शब्द अगले वर्ष मार्च तक लोगो रहित समाचार सामग्री प्रतिदिन नि:शुल्क उपलब्ध कराता रहेगा। मंत्रालय ने बताया है कि पीबी-शब्द के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सामग्री लोगो रहित है और इसका उपयोग करते समय पीबी-शब्द का उल्लेख करना जरूरी नहीं है।

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज कहा कि सौर ऊर्जा से सिंचाई भारत के खेती और ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति ला सकती है।

नई दिल्ली में चौथे राष्ट्रीय एग्रो-ग्रामीण आर्थिकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री जोशी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि सौर ऊर्जा से सिंचाई देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को मजबूत करते हुए सतत खेती को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा सकती है। मंत्री ने कहा कि सौर सिंचाई किसानों के लिए दिन के समय भरोसेमंद सिंचाई पक्का कर सकती है।

श्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि पिछले दस सालों में, गैर-जीवाश्म स्रोत से भारत की स्थापित बिजली क्षमता 81 गीगावाट से बढ़कर लगभग 275 गीगावाट हो गई है। इस मौके पर बोलते हुए, श्री जोशी ने कहा कि लगातार आर्थिक विकास के साथ, देश की ऊर्जा मांग और बढ़ेगी।

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि हिसार के गंगवा से आर्य नगर तक जाने वाली सड़क के विशेष मरम्मत कार्य के लिए प्रस्ताव को सरकार से मंजूरी मिल गई है। यह सडक़ बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके चलते आम नागरिकों और वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अनुरोध पर सड़क की विशेष मरम्मत के लिए लगभग 18 करोड़ रुपये 28 लाख रुपए मंजूर किए है।उन्होंने बताया कि अधिसूचित सड़क रखरखाव नीति के तहत इस सड़क के रखरखाव और मरम्मत से संबंधित नियमों में छूट देकर सड़क का निर्माण पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत होने से गंगवा और आर्य नगर

सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

आज "नो स्मोकिंग-डे" के अवसर पर हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के निदेशक एवं वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. ब्रह्मदीप ने लोगों से तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि धूम्रपान और तंबाकू का सेवन विश्व भर में रोकी जा सकने वाली मृत्यु और बीमारियों के प्रमुख कारणों में से एक है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु होती है, जबकि भारत में ही प्रतिवर्ष 10 लाख से अधिक लोगों की मौत तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण होती है। भारत में लगभग 27 प्रतिशत कैंसर सीधे तंबाकू सेवन से जुड़े होते हैं जिनमें फेफड़ों का कैंसर, मुंह और गले का कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, अस्थमा की गंभीरता में वृद्धि और गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

कुरुक्षेत्र पुलिस ने निवेश के नाम पर 40 लाख रूपये की साइबर ठगी मामले में कैथल जिले के कुराड वासी विक्रम व धनौरी वासी राजीव कुमार गिरफ्तार किया गया है। विक्रम इस समय करनाल के सेक्टर 4 में रह रहा था। उल्लेखनीय है कि इन ठगों ने कुरूक्षेत्र के गांव बगथला निवासी सेवानिवृत सैनी को फेसबुक के जरिए धोखाधड़ी का शिकार बनाया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत

में इंटरनेट सेवाएं विश्व में सबसे सस्ती हैं। उन्होंने कहा कि देश में इंटरनेट की दरें, वैश्विक औसत 2 दशमलव पांच-नौ डॉलर प्रति जीबी से लगभग 25 गुना कम हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से डिजिटल समावेशन के तीन प्रमुख मोर्चों पर काम किया है।